DGA–03/CCP–03

December – Examination 2022

Diploma in General Agriculture Examination

PLANT PROTECTION MANAGEMENT

Paper : DGA–03/CCP–03

*Time : **3** Hours*] [*Maximum Marks : **100***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **10×2=20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) खरपतवार में कितने प्रकार की सुषुप्तावस्था पाई जाती है ?

   (ii) बथुआ के एक पौधे में बीजों की संख्या लगभग कितनी पाई जाती है ?

(iii) दो संकरी पत्ती वाली खरपतवारों के नाम लिखिए।

(iv) एकीकृत खरपतवार प्रबन्धन से क्या अभिप्राय है ?

(v) स्प्रेड्रीफ्ट क्या है ?

(vi) धान की फसल में पाये जाने वाले एक कीट का नाम लिखिए।

(vii) मैलाथियोन छिड़कने के कितने दिन बाद तक फलों को नहीं तोड़ना चाहिए ?

(viii) किस यंत्र का प्रयोग धूम्रण विषों के लिए किया जाता है ?

(ix) भारत में आधुनिक पादप रोग विज्ञान का जनक किसे माना जाता है ?

(x) सरसों व तोरिया के सफेद फफोला रोग का रोगजनक लिखिए।

खण्ड—ब **4×10=40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

2. खरपतवारों का वर्गीकरण दीजिए (जीवन-चक्र के आधार पर)।

3. गेहूँ में कौन-कौनसे खरपतवार पाये जाते हैं ? उनकी रोकथाम के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले खरपतवारनाशक एवं उनकी सही मात्रा समझाइए।

4. स्प्रेयर के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

5. दीमक के नियंत्रण का तरीका समझाइए।

6. हैण्ड केम्पशन स्पेयर का नामांकित चित्र बनाकर कार्यविधि का वर्णन कीजिए।

7. पादप रोग विज्ञान क्या है ? उसके सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

8. आम में लगने वाले मुख्य फफूंदीय रोग एवं उनका नियंत्रण लिखिए।

9. जीवाणु रोगों से उत्पन्न सामान्य लक्षणों का संक्षिप्त वर्णन दीजिए।

खण्ड—स **2×20=40**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

10. खरपतवारों से होने वाली हानियों पर प्रकाश डालिए।

11. खरपतवारनाशकों के प्रयोग सम्बन्धी सावधानियों पर एक विस्तृत लेख लिखिए।

12. रबी फसलों में कीट नियंत्रण पर विस्तार से लिखिए।

13. समन्वित कीट प्रबन्ध के सिद्धान्त पर एक निबन्ध लिखिए।